**कलश मंगल यात्रा** | संत शिरोमणि गुरू रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प : तोमर

# संत रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक



**जबलपुर।** संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज की कलश मंगल यात्रा के माध्यम से उनके विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन- जन तक पहुंचाने का संकल्प है। संत रविदास ने सामान्य परिवार में जन्म लेकर अपने जीवन और विचारों से समाज को सामाजिक समरसता का संदेश दिया। यह बातें मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने शांति नगर मध्य विधानसभा क्षेत्र में आयोजित संत शिरोमणि रविदास की कलश वंदन यात्रा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि संत रविदास जी द्वारा बताए गए मार्ग की आज के समय में भी विशेष प्रासंगिकता है। उनके विचार समाज में समानता, सद्भाव और समरसता की भावना को मजबूत करने का संदेश देते हैं। यात्रा का उद्देश्य संत रविदास जी के विचारों और उनके संदेश को आमजन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के शांति नगर स्थित संत शिरोमणि रविदास के मंदिर में पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद श्री तोमर और विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने हाथों में कलश लेकर शांति नगर स्थित रामजानकी मंदिर तक पैदल यात्रा की। यात्रा के दौरान क्षेत्रवासियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इन्दु, नीरज सिंह, डॉ. अभिलाष पांडे, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



**विकास-राजनीतिक मुद्दों पर हुई चर्चा**

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का जबलपुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस मेंआत्मीय स्वागत हुआ। इस दौरान उन्होंने नेताओं से क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही शहर की प्रमुख आवश्यकताओं, संगठनात्क गतिविधियों, विकास-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही विचार-विमर्श भी हुआ। इस दौरान विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इन्दु, डॉ. अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, उपाध्यक्ष प्रशांतकेशरवानी, निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, अंचल सोनकर, प्रभात साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक व कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**विधानसभा अध्यक्ष तोमर का सर्किट हाउस में हुआ स्वागत**

# पूर्व एसपी सहित 4 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ परिवाद दायर

**कटनी सीएसपी आवास हमलाकांड मामला**

**जबलपुर।** बहुचर्चित कटनी सीएसपी आवास हमला कांड में नया मोड़ आया है। जबलपुर निवासी अधिवक्ता अरुणा शर्मा ने कटनी के पूर्व पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, तत्कालीन एएसपी संतोष डहरिया, तत्कालीन डीएसपी प्रभात शुक्ला और तत्कालीन महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा सहित अन्य के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में परिवाद दायर किया है। घटना 31 मई 2025 की रात की बताई गई है। आरोप है कि कटनी सीएसपी आवास में अधिवक्ताओं व प्रशासनिक अधिकारियों के परिवारजनों पर प्राणघातक हमला किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री को भी हस्तक्षेप करना पड़ा था। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद तत्कालीन एसपी अभिजीत कुमार रंजन को पुलिस मुख्यालय भोपाल अटैच किया गया था। वहीं तत्कालीन डीएसपी प्रभात शुक्ला और महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा को डीआईजी कार्यालय जबलपुर अटैच किया गया था। मामले की जांच डीआईजी जबलपुर को सौंपी गई थी। जांच प्रतिवेदन के आधार पर गृह विभाग ने पूर्व एसपी अभिजीत कुमार रंजन और तत्कालीन एएसपी संतोष डहरिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया। वहीं पुलिस मुख्यालय ने डीएसपी प्रभात शुक्ला को निंदा की सजा दी, जबकि डीआईजी जबलपुर ने महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। परिवाद में आरोप लगाया गया है कि लगातार शिकायतों और विभागीय कार्रवाई के बावजूद संबंधित पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसी के चलते अधिवक्ता अरुणा शर्मा ने न्यायालय की शरण ली है। परिवाद में घटना के संबंध में आरोपों पर न्यायालय से विधि अनुसार कार्रवाई की मांग की गई है। मार्च 2025 में ही डीआईजी जबलपुर द्वारा तत्कालीन कटनी एसपी अभिजीत कुमार रंजन के विरुद्ध एक जांच प्रतिवेदन एडीजी सतर्कता को भेजा गया था।

नालों में सीवेज का प्रवाह रोककर सौ फीसदी सीवर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें

### निगामायुक्त को अनुपालन शपथ पत्र पेश करने के निर्देश

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने जबलपुर की अव्यवस्थित जल निकासी व्यवस्था को लेकर नगर निगम को नालों में सीवेज और गंदे पानी का प्रवाह रोकने व सभी शेष सीवेज निकासी बिंदुओं को सीवर लाइन से जोडने के निर्देश दिए हैं। अधिकरण ने नगर निगम क्षेत्र में 100 प्रतिशत घरेलू सीवर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा है। जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव अध्यक्ष और डॉ. अफरोज अहमद विशेषज्ञ सदस्य की पीठ ने 12 अगस्त 2026 को यह आदेश मूल आवेदन में पारित किया। रिपोर्ट में छह प्रमुख नालों में करीब 92 एमएलडी सीवेज प्रवाह बताया गया है। ओमती नाले में 48, मोती नाले में 13, उरदाना नाले में 14.5 और करोंदा नाले में 16.5 एमएलडी प्रवाह दर्ज किया गया है। एनजीटी ने प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक नालों में मौजूद सभी असंबद्ध सीवेज निकासी बिंदुओं को सीवर लाइन से जोडने तथा प्रमुख नालों में सीवेज प्रवाह में हुई क्रमिक कमी का स्पष्ट विवरण अगली रिपोर्ट में देने के निर्देश दिए हैं।

# जबलपुर-कोयंबटूर नए नंबर के साथ चलेगी

**जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे ने जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित सेवा में बदलने का निर्णय लिया है। अब गाड़ी संख्या 20160/20159 जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में इसका संचालन होगा। जबलपुर से 23 अक्टूबर से प्रत्येक शुक्रवार रात 11:50 बजे ट्रेन रवाना होगी और रविवार दोपहर 2:30 बजे कोयंबटूर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 20159 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 26 अक्टूबर से प्रत्येक सोमवार शाम 5:05 बजे कोयंबटूर से रवाना होगी और बुधवार सुबह 8:45 बजे जबलपुर पहुंचेगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, पनवेल, रत्नागिरी, मडगांव, मंगलूरु, उडुपि, कासरगोड, कण्णूर, कोझिक्कोड, शोरणूर और पालक्काड सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव लेगी।

### अग्रिम आरक्षण की मिलेगी सुविधा

इस ट्रेन में कुल 24 कोच होंगे, जिनमें 1 प्रथम वातानुकूलित, 2 द्वितीय वातानुकूलित, 6 तृतीय वातानुकूलित, 9 शयनयान, 4 सामान्य श्रेणी तथा 2 एसएलआरडी कोच शामिल हैं। नियमित सेवा के लिए यात्रियों को अग्रिम आरक्षण की सुविधा मिलेगी। समय-सारणी और सीट उपलब्धता की जानकारी एनटीईएस, रेलवन ऐप तथा भारतीय रेल की आधिकारिक ट्रेन पूछताछ सेवा से प्राप्त की जा सकती है।

## लोडिंग वाहन ने कुचला युवक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत पुरैना के पास लोडिंग स्वराज माजदा की टक्कर से युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर 38 वर्ष निवासी इंद्राना ने बताया कि सुबह 10 बजे भाई रविन्द्र ठाकुर 40 वर्ष सुबह 10 बजे अपनी मोटर सायकिल राखी बेचने पनागर की ओर जा रहा था, ग्राम पुरैना के पास लोडिंग स्वराज माजदा क्रमांक एमपी 20 जेड पी 3294 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी जिससे भाई रविन्द्र ठाकुर को चोटे आ गयी जिसे मेडिकल कालेज लाया गया, सड़क दुघर्टना मे आयी चोटों के कारण भाई की मौत हो गई।

# शहपुरा गोदाम प्रभारी को हटाया, एक वेतन वृद्धि भी रोकी

**खाद वितरण में लापरवाही अनियमितता का मामला**

**जबलपुर।** जिले के विकासखंड मुख्यालय शहपुरा के डबल लॉक केंद्र के कर्मचारियों पर खाद की कालाबाजारी करने और किसानों को परेशान करने की गंभीर शिकायतों पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सख्त कार्यवाही की है। कलेक्टर सिंह गोदाम प्रभारी मुकेश पटेल की असंचयी प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोकने का आदेश जारी कर उसे वहां से हटाकर पाटन स्थानांतरित कर दिया है।

शहपुरा क्षेत्र के किसानों एवं किसान संगठनों द्वारा डबल लॉक शहपुरा के कर्मचारियों पर खाद की कालाबाजारी करने और किसानों को परेशान करने की गंभीर शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने इन शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा को आकस्मिक निरीक्षण के निर्देश दिये थे। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी द्वारा 20 अगस्त को गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि गोदाम प्रभारी द्वारा डबल लॉक केंद्र से संबंधित किसानों को खाद न देकर अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है तथा लोडिंग ऑटो चालकों को किसानों के नाम पर ऑफलाइन टोकन जारी कर खाद का विक्रय किया जा रहा है, ताकि उसे बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जा सके। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान परिसर में खड़े 5 ऑटो लोडिंग वाहनों को ऑफलाइन टोकन पाए जाने पर जांच के दायरे में लेते हुए शहपुरा थाने में खड़ा कराया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम के ऑनलाइन उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी किया गया।

### ऐसा रहा गड़बड़झाला

सत्यापन में 3 हजार 909 बोरी यूरिया एवं 396 बोरी डीएपी अधिक मात्रा में पाई गई। इस संबंध में गोदाम प्रभारी को नोटिस जारी कर बिंदुवार स्पष्टीकरण मांगा गया। गोदाम प्रभारी द्वारा प्रस्तुत जवाब में बताया गया कि गोदाम में उपलब्ध अतिरिक्त खाद 198 किसानों को 8 से 19 अगस्त तक वितरित की जानी शेष थी, जिसके लिए 2 हजार 190 बोरी यूरिया की गाड़ी खाली हुई थी। किसानों को खाद वितरण में अत्यधिक विलंब करने और लोडिंग ऑटो चालकों के पास अन्य किसानों के नाम के टोकन पाए जाने के कारण गोदाम प्रभारी की कार्यप्रणाली में गंभीर लापरवाही और अनियमितता प्रमाणित पाई गई।

# कोर्ट फीस की कथित गड़बड़ी की होगी प्रशासनिक जांच

## प्रोविजनल रसीद से केस दाखिल करने का मामला, रजिस्ट्री को जांच के निर्देश

**जबलपुर। कोविड काल में वर्ष 2020-21 के दौरान मामलों में जमा कोर्ट फीस को लेकर सामने आई कथित गड़बड़ी को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने मामले की प्रशासनिक जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिये रजिस्ट्री को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।**

यह जनहित का मामला ग्वालियर के एडवोकेट क्लर्क मनोज पाल की ओर से दायर किया गया है। जिसमें आरोप है कि कोविड काल में कुछ मामलों में निर्धारित कोर्ट फीस की वैध रसीद के स्थान पर प्रोविजनल एप्लीकेशन रसीद लगाकर केस दाखिल किए गए।

याचिकाकर्ता का कहना है कि कुछ अधिवक्ताओं ने सिस्टम से जनरेटेड कोर्ट फीस रसीद के बजाय प्रोविजनल रसीद का इस्तेमाल किया और इन्हें कोर्ट फीस भुगतान के प्रमाण के तौर पर प्रस्तुत किया गया। याचिका में इस पूरी प्रक्रिया को नियम विरुद्ध बताते हुए कोविड काल में इस तरह दाखिल किए गए मामलों की जांच की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि यदि प्रोविजनल रसीदों को कोर्ट फीस भुगतान का वैध प्रमाण मानकर स्वीकार किया गया तो इससे सरकारी राजस्व को नुकसान हो सकता है। साथ ही इससे न्यायिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भी असर पडने की आशंका जताई गई है। आवेदक के अनुसार कथित अनियमितताओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को अभ्यावेदन दिया गया था, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद जनहित याचिका दायर की गई। मामले में आवेदक ने अपना पक्ष स्वयं रखा।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत हरदुआकला में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को रामकिशोर भूमिया 39 वर्ष निवासी हरदुआकला ने सूचना दी कि सुबह वह अपने घर में सैंटिंग के ऊपर लोहा बिछाने के लिये लोहा काटकर दीवाल में टिका कर रहा था छोटा भाई गुड्डू भूमिया 25 वर्ष घर वापस आया और लोहे को उठाकर छत की ओर जाने लगा, गिर गया। आवाज आने पर जाकर देखा तो भाई सैंटिंग के उपर पडा था, छत में बिछाने के लिये जो लोहा उसने काटा था वह घर के उपर से गये बिजली के तार से गया था उसने लोहा अलग कर भाई को सिहोरा अस्पताल लेकर आये जिसे डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया।

# साइबर फ्रॉड के तार तलाशने जबलपुर पहुंची मुंबई पुलिस

## माढ़ोताल थाने में घंटों चली संदेहियों से पूछताछ

**जबलपुर।** मुंबई में हुए एक साइबर फ्रॉड के सिलसिले में मुंबई पुलिस की एक विशेष टीम जबलपुर पहुंची है। मुंबई पुलिस ने माढ़ोताल थाना क्षेत्र में दबिश दी है। पुलिस टीम ने इस दौरान एक महिला समेत उसके भाईयों संदेहियों को हिरासत में लिया है, जिनसे माढ़ोताल थाने में कड़ाई से पूछताछ की गई। एक को हिरासत में भी ले लिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, साइबर ठगी के मामले में मुंबई पुलिस की जांच जबलपुर पहुंची थी। जांच के दौरान यह पता चला था कि ठगी की शिकार हुई रकम का एक बड़ा हिस्सा जबलपुर के कुछ बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया है। साइबर ठगों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले म्यूल बैंक अकाउंट से जुड़ा है। इसके साथ ही साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल सिम माढ़ोताल निवासी एक महिला के नाम पर दर्ज बताई जा रही है। जिन संदिग्धों को उठाया गया है, उन पर पैसे के लालच में साइबर अपराधियों को अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड और सिम किट उपलब्ध कराने का आरोप है। जिनकी तस्दीक की जा रही है। बताया जाता है कि मुंबई पुलिस की टीम पिछले कुछ दिनों से लगातार खातों और आईपी एड्रेस को ट्रैक कर रही थी। क्लू मिलने के बाद मुंबई पुलिस की टीम बिना वक्त गंवाए यहां पहुंची। माढ़ोताल थाना पुलिस को मामले की जानकारी देकर तुरंत एक संयुक्त टीम बनाई गई और संबंधित ठिकानों पर छापेमारी कर संदेहियों को दबोच लिया गया। देर शाम तक मुंबई पुलिस जबलपुर में ही डेरा जमाए हुए थी।

# अरबों का चिटफंड घोटाला : उत्तर प्रदेश पहुंची जबलपुर सीआईडी

**जेल में बंद दो चिटलरों से पूछताछ होगी, खंगाले दस्तावेज**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में कम समय में पैसा दोगुना करने या अधिक ब्याज एफडी देने का झांसा देकर अरबों का चिटफंड घोटाला करने वाली सोसायटियों के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय के बाद अब जबलपुर सीआईडी ने खोजबीन तेज कर दी है। सूत्रों के मुताबिक जबलपुर सीआईडी की एक टीम मंगलवार को उत्तर प्रदेश पहुंची जहां मामले की तफ्तीश की जा रही हैं। सीआईडी की एक टीम ललितपुर थाने भी पहुंची जहां फर्जीवाड़े से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला। कुछ अहम दस्तावेज भी हाथ लगे है। जिन पर छानबीन चल रही है। इसके अलावा ललितपुर थाने में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी जेल में बंद है जिनसे भी सीआईडी पूछताछ की तैयारी में है जिसमें नए खुलासे होने की उम्मीद है। विदित हो कि चिटलर गैंग ने विभिन्न कंपनियाँ सोसायटी अलग-अलग नामों से पंजीयन करवाकर अलग-अलग समय पर पैसा दोगुना करने या अधिक ब्याज एफडी देने का झांसा देकर देश के करीब 3 करोड़ 51 लाख निवेशकों से धोखाधड़ी करके 1 खरब 5 अरब 12 करोड़ 62 लाख की राशि निवेश कराये थे। केवल मध्य प्रदेश में 2 लाख 10 हजार से अधिक निवेशकों की लगभग 4 अरब 92 करोड़ 20 लाख रुपये निवेश किए है। मामले में पहले से सीबीआई, ईडी जांच कर रही है। अब इन केस से जुड़ी 11 केस डायरियां जबलपुर सीआईडी को मिली है।

**मुरैना का सरगना, ललितपुर में फैला था बड़ा नेटवर्क**

सूत्रों के मुताबिक जालसाजी का बड़ा नेटवर्क ललितपुर से जुड़ा हुआ है। उप्र के ललितपुर में ही इन जालसाजों पर कई अपराध दर्ज है। इन चिटफंड कंपनियों का सरगना मूलत-मुरैना निवासी समीर अग्रवाल है जिसने इस ठगी की गैंग के लिए छोटे जिलों और कस्बों में सोसायटियां खोलकर वहां के लोगों के साथ मिलकर घोटाला किया है। ललितपुर में रवि तिवारी, आलोक कुमार जैन, सुरेन्द्र पाल उर्फ सुरेन्द्र पाल सिंह के इशारे पर चिटफंड कंपनियां खोली गई थी बल्कि करोड़ों का घोटला हुआ। केस डायरियां मिलने के बाद इसी मामले की तफ्तीश के लिए सीआईडी सबसे पहले ललितपुर ही रवाना हुई और वहां से काला चिट्ठा जुटाया जा रहा है।

# केन्द्रीय रक्षा मंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर अलर्ट

**तैयारियों को लेकर डुमना एयरपोर्ट में बैठक**

**जबलपुर।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगामी 27 अगस्त को प्रस्तावित जबलपुर प्रवास को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी सिलसिले में मंगलवार को डुमना एयरपोर्ट में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित



एनएसजी, एयरपोर्ट ऑथॉरिटी और व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर (वीएफजे) के वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान रक्षा मंत्री के आगमन, कारकेड व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और वीएफजे में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई, ताकि वीआईपी दौरे के समय सभी सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें।

## साकेत धाम आश्रम से चंदन का पेड़ चोरी

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत साकेत धाम आश्रम में चोरों ने धावा बोल परिसर के पीछे लगा कीमती चंदन का पेड़ काट दिया और फरार हो गए। पुलिस के अनुसार आश्रम के मैनेजर राकेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि बीती रात सभी कर्मचारी सो गए थे और गार्ड नरेश रात की ड्यूटी पर तैनात था। सुबह कर्मचारी धर्मेंद्र पासी ने देखा, तो साकेत धाम आश्रम के पीछे लगा कीमती चंदन का पेड़ गायब था। अज्ञात चोरों ने रात के समय बड़ी चालाकी से पेड़ को काटा और उसे लेकर फरार हो गए ग्वारीघाट थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

**मौसम का मिजाज** | 576.6 मिमी तक पहुंचा बारिश का आंकड़ा

# पल-पल बदलता मौसम : कभी झमाझम बारिश तो कभी चटख धूप

**जबलपुर।** शहर में मंगलवार को सुबह से ही मौसम का एक अनोखा और मिजाज बदला हुआ रूप देखने को मिला। प्रकृति ने एक ही दिन में अपने कई रंग दिखाए, जिसने शहरवासियों को कभी हैरत में डाला तो कभी राहत दी। सुबह की शुरुआत धूप से हुई। इसके बाद घने काले बादलों ने डेरा डाला। देखते ही देखते आसमान से झमाझम बारिश की बौछारें गिरने लगीं, तेज बारिश की वजह से शहर के निचले इलाकों की सड़कों पर कुछ देर के लिए पानी भी जमा हो गया। इस बदलते मौसम का सबसे हैरान कर देने वाला नजारा दोपहर के वक्त दिखा, जब आसमान में सूरज और बादलों के बीच लुका-छिपी का दौर शुरू हुआ। जैसे ही बारिश थमती, घने बादलों को चीरकर चमकदार धूप निकल आती। कुछ ही मिनटों में मौसम का मिजाज फिर बदलता और अचानक छाए अंधेरे के साथ बारिश शुरू हो जाती। दिनभर में कई बार ऐसा हुआ कि एक तरफ धूप खिली रही और दूसरी तरफ रिमझिम फुहारें गिरती रहीं। मौसम विभाग की माने तो चक्रवातीय परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई तक फैला हुआ है और ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। इस प्रणाली के अगले 24 घंटों के दौरान लगभग पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। उत्तर हरियाणा और उसके आसपास के क्षेत्र के ऊपर माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई तक बना ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण मानसून ट्रफ में मिल गया है। दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश और उसके आसपास के क्षेत्र के ऊपर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई तक बना ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण मानसून ट्रफ में मिल गया है। सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से जबलपुर में भी गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है।

### वर्षाजल निकासी के लिए ननि टीम रही अलर्ट



शहर में सतत हो रही वर्षा के दृष्टिगत नगर निगम प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के नियमित निगरानी में नगर निगम की विशेष राहत टीमें लगातार मैदानी स्तर पर मुस्तैद हैं। शहर के जलभराव की संभावना वाले निचले इलाकों में निगम की स्वास्थ्य विभाग का अमला अत्याधुनिक उपकरणों व पोकलेनध्जेसीबी मशीनों के साथ तैनात है। मुख्य रूप से गढ़ा क्षेत्र गंगा नगर एवं गुजराती कॉलोनी यहाँ नाले-नालियों में जमा कचरे और जल प्रवाह में आ रही बाधाओं को तत्काल हटाकर वर्षाजल की सुगम निकासी सुनिश्चित की गई। अधारताल जलजमाव की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची टीम ने पंपिंग सेटों और अतिरिक्त श्रमबल के माध्यम से जमा पानी को त्वरित गति से बाहर निकाला।







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57